प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 15.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया प्रखंड के भालुकबिंधा गांव में स्वतंत्रता सेनानी चानकु महतो की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर राज्यपाल ने उनके नेतृत्व और बलिदान को नमन करते हुए इसे जनचेतना का प्रतीक बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों से आह्वान किया कि वे ऐसे महापुरुषों के जीवन और योगदान पर शोध करें। साथ ही उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए भारत की सैन्य कार्रवाई को आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम बताया।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे से रांची के प्रोजेक्ट भवन में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में झारखंड यूनिवर्सिटी बिल और नयी उत्पाद नीति का प्रस्ताव लाया जा सकता है। इसके अलावा राज्यहित में विभिन्न विभागों के कई अन्य प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की जा सकती है।

********************

हजारीबाग की डॉली कुमारी ने 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में कॉमर्स संकाय में राज्य भर में टॉप किया है। डॉली ने 93 दशमलव 8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है। अब डॉली श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से सीए की पढ़ाई करना चाहती हैं।

********************

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 19 और 20 मई को दिल्ली के आईआईआईडीईएम (IIIDEM) में आयोजित होने वाली दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने के लिए झारखंड से बीएलओ, वालेंटियर और बूथ अवेयरनेस ग्रुप सहित 402 लोगों की टीम 16 और17 मई को रवाना होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से सभी प्रतिभागियों से संवाद कर तैयारियों की समीक्षा की।

********************

उन्नत खेती के लिए कोडरमा के किसानों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

********************

राज्य भर में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में देवघर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर सात संदिग्धों को हिरासत में लिया है। ये आरोपी फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड में शामिल थे। पुलिस ने इनके पास से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, फर्जी दस्तावेज और बैंक से जुड़ी अहम जानकारियां बरामद की हैं।

********************

कोडरमा जिले में भीषण गर्मी और लू का असर लगातार बढ़ता जा रहा है, जहां तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। स्वास्थ्य विभाग ने लू से निपटने के लिए 10 से 12 बेड का अलग वार्ड तैयार करने की पहल की है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने लोगों को धूप में निकलने से बचने और पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लेने की सलाह दी है।

********************

राज्य के 18 जिलों में कल से गर्जन, आकाशीय बिजली और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार और कोडरमा को छोड़कर बाकी सभी जिले को इससे प्रभावित होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण 18 मई तक मौसम में बदलाव रहेगा और गर्मी में थोड़ी कमी आएगी।

*******समाप्त************